fnukd ½ 07-04-2024 le; ½ 07-10 ih,e

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

lk/;dkyhu lekpkj

lcl: igy: bl cyfVu d: e|[; lekpkj ½

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जबलपुर से प्रदेश में चुनाव प्रचार का किया आगाज।
- प्रदेश में पहले चरण के लिये बुजर्गो और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा घर से किया जा रहा है मतदान।
- मतदाता जागरूकता के लिये प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- प्रदेश में आज कई जिलों में छाये रहे बादल। कई जगहों पर कल हल्की बारिश के आसार।

!c lekpkj f"#$kj l½

ih,e lh,e%&pkj 'kjh

वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रदेश में अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज़ किया। श्री मोदी जबलपुर में रोड शो कर रहे हैं। उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी रोड शो में शामिल हैं। इसके बार प्रधानमंत्री एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजगढ में चुनाव प्रचार कार्यक्रमो में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और जन सभा को संबोधित किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज बालाघाट के खैरलांजी में चुनावी सभाओं को संबोधित किया और रोड शो में शामिल हुए।

pquk" &pkj &n(k

प्रदेश में आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार में और तेज होने जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को बालाघाट में एक रैली को संबोधित करेंगे। वहीं भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 11 अप्रैल को रीवा एवं सतना प्रवास पर रहेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कल सिवनी के धनोरा और शहडोल में चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी होंगे।

gke "k)V*

प्रदेश में पहले चरण में छह सीटों पर 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इसके पहल 85 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही वोट डालने की प्रक्रिया जारी है। शहडोल जिले के पाण्डव नगर में रहने वाली 108 साल की बुजुर्ग मतदाता कैलसुआ सोंधिया ने घर से वोटिंग की सुविधा का इस्तेमाल करते हुवे मतदान किया है। शहडोल के ग्राम भमरहा, ब्यौहारी नगर और उकसा गांव के मतदाताओं ने इस सुविधा का लाभ उठाया। कुल 195 मतदाताओं ने मतदान किया है। छिंदवाड़ा जिले में आज दूसरे दिन जिले के 584 बुजुर्ग एवं दिव्यांगों ने मतदान किया। छिंदवाड़ा एवं पांढुर्ना जिले के अब तक 1293 मतदाताओं ने होम वोटिंग का लाभ लिया है। मंडला में कल 468 मतदाताओं के घर में ही मतदान की प्रक्रिया पूरी गोपनीयता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराई गई। होम वोटिंग के दौरान मतदाताओं के घरों के आंगन अथवा बरामदे में तथा बीमार एवं दिव्यांगों के लिए बिस्तर में ही मतदान केन्द्र बनाये गये।

+kkj' (kkyk

धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का ए.एस.आई टीम द्वारा लगातार सर्वे कार्य किया जा रहा है। सर्वेक्षण आज 17वे दिन भी जारी रहा। आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के दल ने लगभग 9 घंटे के सर्वे किया आज सर्वे दल में अधिकारियों और मजदूरों की संख्या अधिक थी। दल द्वारा केमिकल और आधुनिक मशीन का उपयोग करते हुए सेंपल भी लिए जा रहे हैं। भोजशाला के अंदरूनी स्ट्रक्चर, स्तंभों, शिलालेखों, का बारीकी से परीक्षण कर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में रिफ्लेक्टर का उपयोग कर उनकी फोटोग्राफी और विडियोग्राफी की जा रही हैं। अभी तक चिन्हित 14 स्थान में से सात स्थानों पर उत्खनन का कार्य तेजी से चल रहा है।

'u$k dh !k"k' !kdk(k"k,kh d lk-k

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं जुन्नारदेव, छिंदवाड़ा जिले के बी.एल.उइके का संदेश। –

ckbV ch-,y-.bd/ '0ukjn"/ f1n"k2k

!c d1 lekpkj l4ki e4

- गुना जिले में प्रायवेट स्कूलों द्वारा दुकान विशेष से पुस्तकें, यूनिफार्म तथा स्टेशनरी आदि खरीदने की शिकायतें को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया हैं।
- देवास जिले के ग्राम चंदाना में नरवाई जलाने पर 2 किसानों पर 15–15 हजार का अर्थदंड लगाया गया है। जिले में किसानों को खेतों में फसल अवशेष ना जलाने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।
- अनूपपुर जिले के जैतहरी में बेलिया फाटक पर कल रात एक तेज रफ्तार कार रेलवे फाटक तोड़कर चलती यात्री ट्रेन से जा टकराई, जिसमें कार चालक की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि साथ बैठा व्यक्ति घायल हो गया।
- शिवपुरी जिले में गर्मी में पेयजल संकट न हो इसको लेकर कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और समस्त जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक रखी। बैठक में पीएचई के द्वारा जहां बिजली की समस्या के कारण पानी नहीं है उनकी सूची बिजली विभाग को उपलब्ध कराने कहा है।
- धार्मिक आस्था, प्रेम और पारिवारिक सौहार्द का 16 दिवसीय उत्सव गणगौर पर्व आगरमालवा जिले में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जा रहा है। महिलाओं द्वारा गणगौर माता की पूजन कर बैण्ड–बाजों के साथ चल समारोह निकाले जा रहे है।

———————————————